Series : S7PQR

SET ~ 4

रोल नं.

Roll No.

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **72**

व्यावसायिक कला (सैद्धान्तिक)

(भारतीय कला का इतिहास)

COMMERCIAL ART (Theory)

(HISTORY OF INDIAN ART)

निर्धारित समय : 2 घण्टे — *अधिकतम अंक : 30*

Time allowed : 2 hours — *Maximum Marks : 30*

नोट/ NOTE : {}

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।

Please check that this question paper contains **11** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।

Please check that this question paper contains **16** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

सामान्य निर्देश :

- ***खण्ड – अ***
  सभी *प्रश्नों का उत्तर दें । (प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।)*
- ***खण्ड – ब***
  सभी *प्रश्नों का उत्तर दें । (प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है ।)*
- ***खण्ड – स***
  *किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (प्रत्येक प्रश्न **6** अंक का है ।)*

खण्ड – अ
(बहुविकल्पीय प्रश्न)

दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए : **8 × 1 = 8**

1. 'चौगान के खिलाड़ी' चित्र में चित्रित पात्र किस क्रिया में व्यस्त हैं ? **1**
   (A) बाज़ के शिकार में
   (B) गेंद का खेल खेलने में
   (C) दरबारी प्रस्तुति में
   (D) धनुर्विद्या के अभ्यास में

2. "फलक पर बाज पक्षी" चित्र में इनमें से कौन सा शब्द नहीं लिखा ? **1**
   (A) जहाँगीर पादशाह
   (B) बहरी
   (C) उत्तम
   (D) उस्ताद

3. **कथन (A) :** "मदर टेरेसा" चित्र करुणा और निःस्वार्थ सेवा का प्रतीक है । **1**
   कारण (R) : कलाकार ने शांति दर्शाने हेतु उज्ज्वल लाल रंग का प्रयोग किया है ।
   (A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
   (B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
   (C) (A) सत्य है और (R) असत्य है ।
   (D) (A) असत्य है और (R) सत्य है ।

General Instructions :

* **SECTION – A**

  Attempt **all** questions. (Each question carries **1** mark.)

* **SECTION – B**

  Attempt **all** questions. (Each question carries **2** marks.)

* **SECTION – C**

  Attempt any **two** questions. (Each question carries **6** marks.)

SECTION – A $8 \times 1 = 8$

(Multiple Choice Questions)

Select the right answer from the given options :

1. In 'Chaugan players', what activity are the figures engaged in ? **1**

   (A) Hunting with hawks

   (B) Playing a ball game

   (C) Performing in a royal court

   (D) Practising archery

2. Which of the following words is not written in the painting 'Falcon on the Bird rest' ? **1**

   (A) Jahangir Paatshah

   (B) Bahari

   (C) Uttam

   (D) Ustad

3. **Assertion (A) :** The painting "Mother Teresa" radiates compassion and selfless service. **1**

   Reason (R) : The artist has used bright red colour to depict peace.

   (A) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

   (B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

   (C) (A) is true and (R) is false.

   (D) (R) is true and (A) is false.

4. भारतीय राष्ट्रीय ध्वज में कौन सा रंग साहस और बलिदान का प्रतीक है ? 1

(A) सफेद (श्वेत) (B) हरा

(C) केसरिया (D) नीला

5. मारु रागिनी चित्र मुख्यतः क्या दर्शाता है ? 1

(A) शाही दम्पती की प्रेम यात्रा

(B) कृष्ण का गोपियों के संग नृत्य

(C) युद्ध में योद्धा

(D) उत्सव का दृश्य

6. मुगल शैली का कौन सा चित्र साधारण और शांत ग्राम्य जीवन दर्शाता है ? 1

(A) दारा शिकोह का विवाहोत्सव (B) कबीर व रायदास

(C) मारु रागिनी (D) मेघदूत

7. **कथन (A)** : पी.वी. जानकीराम की गणेश मूर्ति ऑक्सीडाइज्ड कॉपर, टिन और तार से बनी है । 1

कारण (R) : इन धातुओं का चयन देवता को आधुनिक अमूर्त रूप देने हेतु किया गया ।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है और (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है और (R) सत्य है ।

8. "हजरत निजामुद्दीन औलिया और अमीर खुसरो" चित्र का वातावरण किस प्रकार का है ? 1

(A) चंचल और अनौपचारिक (B) उत्सवी और भीड़भाड़ वाला

(C) प्रतिस्पर्धात्मक और ऊर्जावान (D) संगीतपूर्ण और शांत

4. Which colour in the Indian National Flag represents courage and sacrifice ? **1**

(A) White (B) Green

(C) Saffron (D) Blue

5. The painting Maru Ragini primarily depicts **1**

(A) A romantic journey of a royal couple

(B) Krishna dancing with Gopis

(C) A warrior in battle

(D) A festival celebration

6. Which Mughal school painting shows simple and peaceful village life ? **1**

(A) Marriage procession of Dara Shikoh

(B) Kabir and Raidas

(C) Maru Ragini

(D) Meghdoot

7. **Assertion (A) :** P.V. Jankiram's Ganesha uses oxidised copper, tin and wire in its making. **1**

Reason (R) : The choice of material was meant to create a modern abstract form of the deity.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A).

(C) (A) is true, and (R) is false.

(D) (A) is false and (R) is true.

8. In "Hazrat Nizamuddin Auliya and Amir Khusro", the mood of the scene can best be describe as **1**

(A) Playful and casual (B) Festive and crowded

(C) Competitive and energetic (D) Musical and Serene

खण्ड – ब

$5 \times 2 = 10$

(लघु–उत्तरीय प्रश्न)

9. यह दोनों चित्र कृष्ण के जीवन की अर्थपूर्ण घटनाओं को दर्शाते हैं, जिनमें अलग–अलग भावनात्मक और दृश्यात्मक अनुभव झलकते हैं । **2**

(i) कलाकार का नाम व उप–शैली लिखिए ।

(ii) विषयवस्तु का संक्षिप्त वर्णन करें, व चित्र की एक सौन्दर्यात्मक मुख्य विशेषता का वर्णन करें ।

(A) कृष्ण गोपियों के संग

या

(B) झूले पर कृष्ण

10. (A) आपके पाठ्यक्रम की बंगाल शैली के एक चित्र में ऊँट को संध्या की रोशनी में दिखाया है । **2**

(i) चित्र का नाम व कलाकार का नाम लिखिए ।

(ii) चित्र की विषय–वस्तु का संक्षिप्त वर्णन करें और संयोजन व्यवस्था में दिखाए गए एक जीवन मूल्य को बताएँ ।

या

(B) आपके पाठ्यक्रम का एम.ए.आर. चुगताई द्वारा बनाया गया चित्र स्त्री की कोमल अभिव्यक्ति है ।

(i) चित्र का नाम व माध्यम बताएँ ।

(ii) स्त्री की भंगिमा का संक्षिप्त वर्णन करें व चित्र में क्या भाव दिखाया गया है ।

11. यह दोनों चित्र स्त्रियों की विशेषताओं को दर्शाते हैं – एक घरेलू वातावरण में और दूसरा शाही खेल में । **2**

(i) चित्र का नाम व माध्यम बताएँ ।

(ii) चित्र में दर्शायी गई स्त्रियों की वेशभूषा का वर्णन करें ।

(A) हल्दी पीसने वाली

या

(B) चाँद बीबी पोलो खेलते हुए

SECTION – B

5 × 2 = 10

(Short answer type questions)

9. Both of these paintings depict meaningful episodes from Lord Krishna's life, each offering a distinct emotional and visual experience. **2**

   (i) Mention the name of the artist and the sub-school of the painting.

   (ii) Briefly describe the subject matter and mention one aesthetic feature you find most striking in this painting.

   (A) Krishna with Gopis

   OR

   (B) Krishna on swing

10. (A) Bengal school painting from your syllabus captures a camel under the glow of evening. **2**

   (i) Mention the name of this painting and its artist.

   (ii) Briefly describe the subject matter and any one human value shown in the composition.

   OR

   (B) This painting by M.A.R. Chughtai from your course presents an elegant depiction of a woman.

   (i) Mention the title of this painting and the medium.

   (ii) Briefly describe the posture of the woman and what emotion it conveys.

11. These two paintings portray woman gracefully, one in a domestic setting and the other in a royal game. **2**

   (i) Mention the name of the artist and medium.

   (ii) Briefly describe the attire of the women in the painting.

   (A) Haldi Grinders

   OR

   (B) Chand Bibi playing polo

12. आपके पाठ्यक्रम के इन चित्रों में आकृतियों के बारीक चित्रण के साथ बड़े समूहों को दर्शाया गया है । **2**

(i) चित्रकार का नाम व माध्यम लिखें ।

(ii) दो प्रमुख सौन्दर्यात्मक विशेषता लिखें ।

(A) दारा शिकोह का विवाहोत्सव

या

(B) कृष्ण नंद, यशोदा व अन्य परिवारजनों के साथ वृंदावन जाते हुए ।

13. (A) आपके पाठ्यक्रम में राजस्थानी शैली का यह चित्र राधा (बनी–ठनी) को आदर्श रूप में दर्शाता है । **2**

(i) चित्र की उपशैली व कलाकार का नाम बताएँ ।

(ii) संयोजन की दो सौन्दर्यात्मक विशेषताएँ लिखें ।

या

(B) आपके पाठ्यक्रम में यह राजस्थानी शैली का चित्र दो भाइयों की हृदयस्पर्शी मुलाकात को दर्शाता है ।

(i) चित्र का नाम और इससे मिलने वाला एक मानवीय मूल्य लिखिए ।

(ii) संक्षेप में चित्र के दो कथानक दृश्य बताएँ ।

खण्ड – स

(दीर्घ उत्तर प्रकार के प्रश्न)

3 में से किन्हीं **2** प्रश्नों का उत्तर (प्रत्येक **6** अंक) लगभग **200** शब्दों में अपेक्षित है । **2 × 6 = 12**

14. आपके पाठ्यक्रम का यह चित्र रामायण का एक नाटकीय प्रसंग दिखाता है जहाँ सागर देवता दैवीय शक्ति के आगे विनीत होते हैं । **6**

(i) चित्र का नाम, कलाकार का नाम, माध्यम और एक मानवीय मूल्य बताएँ ।

(ii) विषय-वस्तु व रंग योजना का संक्षिप्त वर्णन करें ।

(iii) संयोजन व्यवस्था के माध्यम से कलाकार की प्रस्तुति पर अपने विचार लिखिए ।

12. Large gatherings are depicted in these paintings from your syllabus, each filled with numerous richly detailed figures. **2**

(i) Mention the name of the artist and the medium.

(ii) Describe two aesthetic feature that stands out.

(A) Marriage procession of Dara Shikoh

OR

(B) Nand, Yashoda and Krishna with kinsmen going to Vrindavan.

13 (A) An iconic Rajasthani school painting from your syllabus portrays Radha (Bani-Thani) in an idealized form, celebrated for her beauty. **2**

(i) Mention the sub-school of this painting and who is the artist.

(ii) Briefly describe the two aesthetic appeal of the composition.

OR

(B) A Rajasthani's painting from your syllabus illustrates the heartful meeting between two brothers.

(i) Name the painting and one human value you learn from it.

(ii) Briefly describe two narrative scenes from the painting.

SECTION – C

Answer any 2 out of 3 questions of 6 marks each in about 200 words. 2 × 6 = 12

14. This painting from your course depicts a dramatic episode from the Ramayana, where the ocean God is humbled before the force of divine power. **6**

(i) State the title of the painting, the artist's name, the medium used and one human value conveyed.

(ii) Write the subject matter and briefly describe the use of colour scheme.

(iii) Give your views on the artist's presentation of the episodes through composition.

15. आपके पाठ्यक्रम का यह मूर्तिशिल्प जनजातीय लोगों के एक समूह को पशु व अन्य सामान के साथ चलते हुए दर्शाता है । **6**

(i) मूर्तिकला का शीर्षक, मूर्तिकार का नाम एवं विषयवस्तु बताएँ ।

(ii) इसमें व्यक्त दो मानवीय मूल्यों को बताएँ ।

(iii) संयोजन व्यवस्था का विस्तृत वर्णन माध्यम व आकृतियों को महत्त्व देते हुए करें ।

16. दिए गए चित्र का अध्ययन करें तथा आपके अध्ययन के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें : **6**

(i) चित्र का शीर्षक, कलाकार, माध्यम व शैली जिसमें यह चित्र बना है बताएँ ।

(ii) समझाइए कि कृष्ण को केंद्र में कैसे दिखाया गया है और आसपास की आकृतियाँ कथा को कैसे समर्थन दे रही हैं ?

(iii) इस शैली की विशेषताओं पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें ।



15. The sculpture from your syllabus depicts tribal people moving together carrying their belongings and accompanied by an animal. **6**
    (i) Write the title of this sculpture and the sculptor's name along with subject matter.
    (ii) Mention any two core human values conveyed by the artwork.
    (iii) Describe the compositional arrangement focusing on the figures and the material used.

16. Study the painting shown below and answer the following : **6**
    (i) Mention the title, artist, medium and the school in which it was created.
    (ii) Discuss how Krishna is depicted as the central figure and how the surrounding elements support the narrative.
    (iii) Write a short note on the characteristic features of this school.